तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 24 सितंबर 2025



14 युक्तियुक्तकरण के पश्चात कार्यभार ग्रहण नहीं...





14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 25 को विशाल...







B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


कार्रवाई : दुधावा पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा

# दो युवतियों ने भूत प्रेत बाधा और मौत का डर दिखा कर पूजा के नाम पर कई ग्रामीण महिलाओं को ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

दुधावा क्षेत्र में बालोद जिले के थाना पुरूर के ग्राम कनेरी की दो महिलाओं ने बांगाबारी पहुँचकर कई घरों में जबरजस्ती घर में घुसकर भूत-प्रेत बाधा और घर में विपदा का डर दिखाकर पूजा-पाठ के नाम पर कई महिलाओं से ठगी किया और दूसरी बार ठग करने वाली महिलाएं पहुंची, तो गांव की महिलाओं ने दोनो महिलाओं को दुधावा पुलिस को सौंपा, वहीं पुलिस ने दोनो महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बांगाबारी निवासी 40 वर्षीय तुलसी साहू पति अशोक कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर गुरूवार को दोपहर लगभग डेढ़ से दो बजे के मध्य दो महिलाएं मेरी पड़ोसी इंदिरा नेताम के घर झाड़ फूंक करने बैठे थे। उसके बाद मेरे घर में आए और अनिष्ठ बाधा है। तुम्हारे घर के चारों तरफ दुश्मन है, जो तुम्हारे अहित चाहते ,हैं बहुत जल्दी तुम्हारे घर में कोई अनहोनी होने वाली है। बच्चों का अहित हो जाएगा, घर में तुम्हारे परिजन किसी की मृत्यु हो जाएगा कहकर डराने लगे। हमारे घर के अंदर घुसकर मुझे और मेरे पति अशोक कुमार साहू को बेडरूम में ले जाकर भयभीत करके गुलाल वंदन से सना हुआ सिक्का दिखाकर 7 हजार रूपएं मांगे और पैसा नहीं देने पर तुम्हारे बाल बच्चे का अहित हो जाएगा कहने लगे। हम लोगों से कहने लगे कि 7 हजार झोला में डाल दो। महिलाओं के डराने से हम लोग डर गए और उनके झोले में 7 हजार रूपएं डाल दिया।


दोनो महिलाओं ने अपना नाम शांता बाई और लैला बाई नेताम ग्राम कनेरी बालोद की रहना बताया। दोनों महिला ने कहा कि इस पैसे का बलि देंगें और 22 सितंबर सोमवार को आएंगे और घर में पूजा करेंगे और तुमसे और पैसा लेगें। इसी तहत मेरे गांव के अन्य औरतों से भी डरा धमकाकर कई लोगों से पैसे ले गए थे। दोनो महिलाएं 22 सितंबर को बांगाबारी पहुँची और मेरे घर आकर बोली कि तुम्हारे घर में अनिष्ट हो जाएगा। तुम लोगों के बाल बच्चे का अहित हो जाएगा, बोलकर पैसा मांग रहे थे। हम लोगों ने दोनों महिलाएं शांता बाई और लैलाबाई नेताम को पूजा पाठ का सामान के साथ दुधावा चौकी लेकर आएं और पुलिस को पूरी जानकारी दिया।

ग्रामीण महिलाओं ने दूसरी बार आने पर ठगी करने वालियों को पुलिस को सौंपा



### गांव की इन महिलाओं को भी ठगा

दोनो महिलाओं ने बांगाबारी निवासी इंदिरा नेताम पति श्रीराम नेताम को डरा धमकाकर पूजा कराने के नाम पर 3 हजार रूपएं मांगे परंतु डरा धमकाकर 1500 रूपएं ले गए। इसी तरह से बांगाबारी निवासी मालती नेताम से 250 रूपये और जितेश्वरी से 200 रूपएं डरा धमकाकर ले गए थे। इन सभी महिलाओं से 22 सितंबर को फिर से पूजा पाठ कराने के नाम पर पैसा वसूलने पहुँची, तभी सभी गांव की महिलाओं ने दोनो महिलाओं को पकड़कर दुधावा चौकी को सौंपा। आरोपी दोनो महिलाओं ने चंदन वंदन गुलाल लगा हुआ सिक्का और हनुमान सिक्का का दर्शन कराने के नाम पर ठगी किया।



### जेल की सलाखों में भेजा

चौकी दुधावा पुलिस ने दोना महिला आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 308(2), 308(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर उनके पास से अपराध में प्रयुक्त सामग्री जैसे कि लाल और काले कपड़े में बंधा हुआ चंदन वंदन, लोहे के नुकीले जंजीर और लोहे के छोटे-छोटे त्रिशूल, नींबू, एक-एक रुपये के 4 नग सिक्के और हनुमान भगवान की फोटो बनी हुई पीतल के सिक्के जप्त किए। दोनो महिलाओं को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से किया अपील

दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा ने क्षेत्र के ग्रामवासियों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार के अंधविश्वास और आडंबर में आकर झूठे तांत्रिक बाबाओं के झांसे में आकर अपना अमूल्य समय और पैसा न दें। बाहरी, अपरिचित लोगों और तांत्रिक बनकर घूम रहे लोगों को अपने घर में प्रवेश न दें, अकेले पाकर महिलाओं के साथ यह शरीर और संपत्ति संबंधी अपराध कारित करते हैं। संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## ख़बर संक्षेप

### युवक कांग्रेस और एनएसयूआई ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन



**पखांजुर।** युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पखांजूर में विरोध प्रदर्शन करते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा और खेल मंत्री टंकराम वर्मा का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन युवा कांग्रेस के नेता भावेश शुक्ला और प्रशांत गोस्वामी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि भावेश शुक्ला ने भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया था, जबकि प्रशांत गोस्वामी ने एक फर्जी डिग्री रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इसके बदले में सरकार ने इन दोनों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए हैं।

### नेवारी में दो दिवसीय कबड्डी और वॉलीबॉल स्पर्धा 27 से

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत सुखई के आश्रित ग्राम नेवारी में नवयुवक समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रो कबड्डी एवं वॉलीबॉल स्पर्धा का आयोजन 27 सितंबर से किया जाएगा। अध्यक्ष लक्षण आँचला, सचिव राकेश उयके, उपाध्यक्ष रामचंद्र उयके ने पंचायत के इच्छुक प्रतियोगी खिलाड़ियों को अधिक संख्या में भाग लेने कहा है। कबड्डी के लिए पुरुष वर्ग में पुरस्कार प्रथम 10000, महिला 4000 एवं वॉलीबॉल में 8000 रूपए दी जाएगी।

## पीएम मोदी के 75 वें जन्मदिन पर 75 महिलाओं ने एक पेड मां के नाम पर किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय संगठन के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र

■ किसान मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर हुए शामिल

मोदी के जन्मदिवस को पूरे देश एवं प्रदेशभर में 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, उसी के तहत चारामा में भाजपा किसान मोर्चा ने एक पेड़ माँ के नाम पर 75 पौधों को पौधरोपण किया। प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश भाजपा संगठन के दिशानिर्देश पर भाजपा किसान मोर्चा को 23 सितम्बर को प्रदेशभर के सभी मंडलों में एक पेड़ माँ के नाम के तहत प्रत्येक मंडल 75 पेड़ वितरण तथा उसे रोपण का कार्यक्रम आयोजन करना है, जिसका आज प्रदेशभर के सभी मंडलों में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत कांकेर जिला के चारामा मंडल में वीर शहीद गेंदसिंह शासकीय



महाविद्यालय एक पेड़ माँ नाम प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में 75 पेड़ एक पेड़ माँ के नाम के तहत मातृशक्ति माताएं जिनकी संख्या सैकड़ो में तादात में उपस्थित सभी माताएं एक एक करके पेड़ अपने हाथों से रोपण किए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति दीर्घायु एवं यशस्वी होने की कामना किया। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यह एक पुण्य का कार्य है, जो हम सब मिलकर पेड़ लगा रहे है, यह हमारी जीवनदायिनी है आप सभी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर यह कार्यक्रम सम्पन कराते हुए आप सभी ने जो संकल्प लिया कि हम सभी माताएं एक एक पेड़ो का सरंक्षण करेंगे, यह बेहद ही गौरवांवित ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नाबालिग की हत्या में शामिल पिता व पुत्र को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



■ जेल की सलाखों में भेजा

गुमडीडीह में हुए नाबालिग की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और न्यायिक रिमांड में जेंल भेजा गया। दोनो आरोपी पिता और बेटा है। विदित हो कि यह मामला 22 जून 2025 का है, जब गांव के सरकारी तालाब के पास आम के पेड़ के नीचे एक नाबालिग का शव मिला था। उसके गले में संतरी रंग का गमछा बंधा हुआ था और गमछे का एक सिरा पेड़ की डाल से लटका था। प्रारंभिक तौर पर यह आत्महत्या प्रतीत हो रहा था, लेकिन मर्ग जांच में हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन और एसडीओपी शेर बहादुर ठाकुर के पर्यवेक्षण में जांच में पाया गया कि आरोपी 42वर्षीय श्यामलाल गोटा और उसका पुत्र 22 वर्षीय भूपेंद्र गोटा दोनों निवासी गुमडीडिह ने घटना को अंजाम दिया था। मृतक का आरोपी की पुत्री से प्रेम करता था, जिससे नाराज होकर दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। थाना दुर्गूकोंदल में अपराध क्रमांक 31/2025 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस ▶▶| शेष पेज 12 पर

### इलाज के दौरान महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 45 वर्षीय ताशबाई श्वानी का अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण 22 सितंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। अचानक स्वास्थ्य अधिक खराब होने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## नक्सल पीड़ित पुनर्वास कमेटी की बैठक में प्रकरणों में सहायता राशि की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मंगलवार को जिला स्तरीय नक्सल पीड़ति पुनर्वास कमेटी की बैठक

■ अनुकम्पा नियुक्ति, नक्सली आगजनी में संपत्ति नुकसान पर क्षतिपूर्ति आदि मामले शामिल



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें नक्सली हत्या के प्रकरणों में आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति, नक्सली आगजनी में संपत्ति नुकसान पर क्षतिपूर्ति, आत्म समर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि जैसे प्रकरणों पर विचार किया गया एवं कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। आयोजित बैठक में नक्सली आगजनी में आवेदक देवदास पिता चीर सिंह साहू ग्राम कुरूद जिला दुर्ग भिलाई के वाहन एजाक्स मिक्चर मशीन सीजी 07 सीजी 0112 को जो थाना परतापुर अंतर्गत ग्राम गोटॉज गट्टाकाल रोड निर्माण में लगा हुआ था, जिसे नक्सलियों द्वारा जला दिया गया था, जिसकी क्षतिपूर्ति राशि 06 लाख रुपए की कार्योत्तर स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार नक्सली आगजनी में आवेदक लाल सिंह यादव पिता हरिसिंह यादव निवासी बसन्तपुर जिला राजनांदगांव का वाहन क्रमांक शिप्टर ट्रक सीजी 07 एमबी 7788 जो थाना छोटेबेठिया अंतर्गत सितरम पहुंच रोड निर्माण में लगा था, को जलाए जाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि 06 लाख रूपए की कार्योत्तर स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। नक्सल पीड़ति पुनर्वास समिति की बैठक में नक्सली हत्या के 14 प्रकरणों में 12 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पात्र पाए गए, एक प्रकरण में अर्हताधारी को नाबालिग और एक प्रकरण में शैक्षणिक योग्यता में छूट से संबंधित आवेदन करना पाया गया, जिस पर नियमानुसार ▶▶| शेष पेज 12 पर

## चारामा कालेज में सुविधाओं की कमी से छात्र नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

महाविद्यालय में एनएसयूआई के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने मिलकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, जिससे पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। छात्रों ने बताया कि वे जनभागीदारी शुल्क तो जमा करते हैं, लेकिन उस राशि का उपयोग कॉलेज की व्यवस्थाओं को सुधारने में नहीं किया जा रहा है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक ने कहा कि महाविद्यालय में लंबे समय से कई समस्याएँ बनी



कालेज परिसर में किया प्रदर्शन

हुई हैं। क्लासरूम में डस्टबीन नहीं हैं, कैंटीन बंद पड़ा है, पंखे और लाइट खराब हो चुके हैं, जिनकी वजह से छात्रों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। पेयजल की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है और वॉशरूम की हालत बेहद खराब है। वहां सफाई की जरूरत है और दरवाजे भी टूटे हुए हैं और साथ ही अंग्रेजी विषय का शिक्षक भी उपलब्ध नहीं है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्र-छात्राओं ने कहा कि उन्होंने पहले भी कई बार इन समस्याओं को कॉलेज प्रशासन के सामने रखा है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला गया। इस कारण आज सभी छात्रों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ा। एनएसयूआई ने पांच सूत्रीय मांगें रखीं जिनमें हर क्लासरूम में डस्टबिन की व्यवस्था, बंद पड़े कैंटीन को जल्द चालू करवाना, खराब लाइट और पंखों को बदलना, ▶▶| शेष पेज 12 पर

लौह अयस्क लोडिंग करने वाले वाहन खड़े रहे

## बरहेली में तीसरे दिन चक्काजाम समाप्त तहसीलदार की मध्यस्थता से बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

बरहेली में सड़क की बदहाली से त्रस्त ग्रामीणों द्वारा पिछले तीन दिनों

■ प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सबसे पहले सड़क की मरम्मत कराई जाएगी

से जारी चक्काजाम मंगलवार 23 सितंबर को समाप्त हो गया। ग्रामीणों ने सड़क सुधार की मांग को लेकर मुख्य मार्ग पर ट्रकों को रोक दिया था, जिससे लौह अयस्क लोडिंग करने वाली गाड़ियां बरहेली में खड़ी





रहीं और परिवहन कार्य पूरी तरह ठप हो गया था। तहसीलदार केतन भोयर एवं माइंस प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ विस्तृत बातचीत किया। संवाद के दौरान प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सबसे पहले सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की ओर से यह भी सुनिश्चित किया गया कि परिवहन के दौरान धूल न उड़े। इसके लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव होगा। ग्रामीणों की मांग पर यह भी तय किया गया कि यदि भविष्य में सड़क खराब होती है या पानी का छिड़काव नहीं होता, तो गांव में गठित समिति इसकी निगरानी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मूलभूत सुविधा के लिए थी लड़ाई

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी लड़ाई सड़क की मूलभूत सुविधा के लिए थी। वे केवल यह चाहते थे कि गांव से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण सड़क खराब न हो। तहसीलदार की सक्रिय पहल से प्रशासन, कंपनी और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी और स्थिति सामान्य हुई।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### मधुमक्खी के डंक से वृद्धा की मौत



**दुर्गूकोंदल।** पड़गाल की 75 वर्षीय महिला मंगली बाई कुमेटी पति उदे सिंह कुमेटी की मधुमक्खी के डंक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया और इसकी जानकारी पुलिस को दिया गया। जानकारी के अनुसार 21 सितंबर की सुबह लगभग 8 बजे मंगली बाई खेत जा रही थीं। इसी दौरान गुडीभाटा के पास उन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। गंभीर स्थिति में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल लाया गया, जहां इलाज जारी रहा। इलाज के दौरान 23 सितंबर को मंगली बाई की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। प्रार्थी सोमाराम कुमेटी की रिपोर्ट पर थाना दुर्गूकोंदल में मर्ग दर्ज कर जांच एवं पंचनामा कार्यवाही किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### आंगन में खड़ी बाइक आग में जली, अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज

**भानुप्रतापपुर।** करमोती में आधी रात को घर आंगन में खड़े मोटर सायकल को अज्ञात ने आग के हवाले कर दिया। वाहन मालिक को बाइक में आग लगने की जानकारी तब हुई जब जोर कुछ फटने का आवाज आया। वाहन मालिक ने अज्ञात के खिलाफ बाइक में आग लगाने का मामला दर्ज कराया है। थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे करमोती निवासी 33 वर्षीय महेन्द्र निषाद पिता अंजोरी राम निषाद ने पुलिस को बताया कि 21 सितंबर को शाम करीबन 7 बजें अपने दुकान भानुप्रतापपुर जनपद के सामने से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएन 3421 से अपने घर करमोती जाकर मोटर सायकल को घर आंगन के टीन शेड के नीचे खड़ा किया था। रात करीबन डेढ़ बजें अचानक घर आंगन में टायर फटने की आवाज आने पर मै घर से बाहर निकला।

# नारायणपुर में एच3 एन2 फ्लू की आहट, मास्क पहनें और भीड़ से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

अलग खबर

जिला में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के संभावित प्रकोप की आशंका बढ़ रही है। जिला अस्पताल नारायणपुर के ओपीडी और इमरजेंसी विभाग में प्रतिदिन करीब 40 से 50 मरीज एक जैसे लक्षणों के साथ पहुँच रहे हैं। इन लक्षणों में लगातार बुखार, खाँसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, ठंड लगना और कमजोरी प्रमुख रूप से सामने आ रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इस वायरस का संक्रमण सबसे पहले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा गया था।

अब इसकी चपेट में लगभग 50% भारतीय आबादी विभिन्न रूपों में आ चुकी है। नारायणपुर जैसे आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मरीजों का एक जैसे लक्षणों के साथ सामने आना इस बात का संकेत है कि यह वायरस यहाँ भी धीरे-धीरे फैल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि एच3एन2 फ्लू मुख्य रूप से खाँसी और छींक के जरिए निकलने वाली बूंदों से फैलता है। बुजुर्ग, बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग इसके संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हैं।

**जिला अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की संख्या.**

**विशेषज्ञों की राय**

भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें। बार-बार हाथ धोएँ या सैनिटाइज़र का उपयोग करें। खाँसते या छींकते समय रूमाल या टिशू का प्रयोग करें। फ्लू जैसे लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। पर्याप्त नींद लें और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला संतुलित आहार करें। लक्षण दिखने पर स्वयं दवा लेने से बचें।



**प्रशासन की अपील**

जिला स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएँ नहीं बल्कि सतर्क रहें। समय पर इलाज और आवश्यक सावधानियों से इस संक्रमण पर नियंत्रण संभव है।

**आयोजन:** भाजपा का सेवा भाव आज हर वर्ग को जोड़ रहा है, और यही लोकतंत्र की ताकत

# सेवा पखवाड़ा जनसेवा के प्रति भाजपा की संस्कृति का प्रतीक : विक्रम उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, नारायणपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारीगणों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, तथा सहवक्ता भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य गौतम एस. गोलछा उपस्थित रहे।

विक्रम उसेंडी ने कहा सेवा पखवाड़ा भाजपा की कार्यसंस्कृति और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जब देश को सकारात्मक सोच और विकास की राजनीति की ज़रूरत है, भाजपा सेवा के माध्यम से जनमानस से जुड़ रही है। हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाए। गौतम एस. गोलछा ने कहा प्रबुद्धजन समाज की रीढ़ हैं। भाजपा का सेवा भाव आज हर वर्ग को जोड़ रहा है, और यही लोकतंत्र की ताकत है। भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार ने कहा भाजपा का हर कार्यक्रम जनसेवा को समर्पित होता है। प्रबुद्ध वर्ग की सहभागिता संगठन को और अधिक सशक्त बनाती है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक संतनाथ उसेंडी ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा अभियान, भाजपा की नीति और नीयत दोनों को दर्शाता है। हमारा लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में अध्यक्ष, जिला पंचायत नारायण मरकाम,अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद इंद्र प्रसाद बघेल,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम,भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन,भाजपा जिला महामंत्री संजय नंदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार झा ने किया एवं आभार प्रदर्शन सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सह संयोजक शांतु दुग्गा ने किया।

# स्कूली बच्चों को सायबर ठगी से बचाव के लिए किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

पीएमश्री स्कूल अंतागढ़ में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय थाना प्रभारी ने छात्रों को सायबर ठगी और इंटरनेट सुरक्षा के विषय में जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने बच्चों को बताया कि इंटरनेट पर फाइलें डाउनलोड करने, अजनबी लिंक पर क्लिक करने या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से साइबर ठगी और हैकिंग का खतरा बढ़ सकता है। विद्यार्थियों को सचेत किया कि किसी भी वेबसाइट या सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक विवरण, पासवर्ड या फोन नंबर साझा नहीं करना चाहिए। बच्चों को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस तरह साइबर अपराधी ऑनलाइन ठगी करते हैं और उन्हें कैसे बचाव करना चाहिए। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों को भी बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर ध्यान देने की सलाह दी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य गौतम सिंहा ने कहा यह सत्र हमारे छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डिजिटल दुनिया में सुरक्षा बच्चों के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी स्कूल में पढ़ाई। हमें उन्हें समय रहते सुरक्षित रहने की जानकारी देना जरूरी है। दौरान कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और उन्होंने सायबर सुरक्षा से जुड़ी अपनी शंकाओं को थाना प्रभारी के सामने रखा। इस पहल से बच्चों में इंटरनेट का सही और सुरक्षित उपयोग करने की समझ विकसित हुई।

# रायपुर और बिलासपुर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा, 235 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कनेरा रोड में 19 से 21 सितंबर तक द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का सफल आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. राजाराम त्रिपाठी, अनिल यादव, मोहम्मद यासीन, मोहन कोटडिया, मोहम्मद शकील सिद्दीकी और नंदकिशोर वासनिक की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 235 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेलों में बालक, बालिका 11, 13, 15, 17, 19 वर्ष वर्ग तथा पुरुष व महिला वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता आर.के. जैन, तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु सैंडी, भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, पार्षद मनीष श्रीवास्तव, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संचालन एवं प्रयोजन में मोहम्मद यासीन, अनिल यादव, विजय लाल कोटडिया, अजय देवगन, बिज्जू गोलछा, कुणाल चोपड़ा, राजेंद्र गोलछा, नितेश सुराना सहित अनेक गणमान्य लोगों का योगदान रहा। विशेष आभार कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस संघ का जताया गया।

**ये रहे विजेता**-बालक 19 वर्ष एंट्री विलियम्स रायपुर विजेता, अर्जुन मल्होत्र रायपुर उपविजेता। बालिका 19 वर्ष समय पांडे रायपुर विजेता, लावण्या पांडे रायपुर उपविजेता। बालक 15 वर्ष आर्यन कुमार सिंह रायपुर विजेता, दीक्षांत जांगड़ा बिलासपुर उपविजेता। बालिका 15 वर्षरू समय पांडे रायपुर विजेता, लावण्या पांडे रायपुर उपविजेता। सीनियर महिला सुष्मिता रायपुर विजेता, समय पांडे रायपुर उपविजेता। सीनियर पुरुष अर्जुन मल्होत्र रायपुर विजेता, राजीव साहू रायपुर उपविजेता। 11 वर्ष बालक नीरव तिवारी रायपुर विजेता, शिवाय मैधानी बिलासपुर उपविजेता। 11 वर्ष बालिका इसी मिश्रा रायपुर विजेता, करुणा बंजारे बिलासपुर उपविजेता। 17 वर्ष बालक अर्जुन मल्होत्र रायपुर विजेता, दीक्षांत जांगड़े बिलासपुर उपविजेता। 17 वर्ष बालिकारू समय पांडे रायपुर विजेता, सिया मेघानी उपविजेता। 13 वर्ष बालक राजदीप गांगुली बिलासपुर विजेता, शिखर बागड़े दुर्ग उपविजेता। 13 वर्ष बालिका समयौ विजेता, अक्षिता बिनु बिलासपुर उपविजेता रहीं।

# कलश यात्रा के साथ माता की प्रतिमा की हुई स्थापना



**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम गिरहोला में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री श्री नवदुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 22 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक नवरात्र पूजन एव विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जैसाकर्रा में 22 सितम्बर को ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकालकर माता की मूर्ति की स्थापना की गई । 23 सितम्बर की रात्रि में आदर्श बाल जस झाँकी एवं फाग परिवार बादल गुण्डरदेही के कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। 24 सितम्बर को रामचरित मानस मडली गिरहोला, 25 सितम्बर को माता सेवा जस मंडली गिरहोला, 26 सितम्बर को छग लोक संस्था संगी के मया चैनगंज गुण्डरदेही, 27 सितम्बर को स्कूली बच्चों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम, 28 सितम्बर को माता सेवा जस मडली गिरहोला, 29 सितम्बर को अजय शीतला मानस झाँकी परिवार कादुल अर्जुदा, 30 सितम्बर को हवन पूजन एवं रात्रि में बच्चो द्वारा रिकार्डिंग डाँस, 01 अक्टुबर को दोपहर 12 बजे से नवकन्या भोजन एव महाभडारा एंव 02 अक्टुबर को मूर्ति विसर्जन, आर्दश रामधुनी झाँकी मंडली एव राउत नाचा पार्टी माडमसिल्ली की आकर्षक प्रस्तुति एवं शाम 06 बजे से दशहरा कार्यक्रम व समापन किया जाएगा।

### रानी मां मंदिर आंवरी में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित



**चारामा।** नगर चारामा से चार किमी दूरी पर ग्राम आंवरी के पहाड़ में माता रानी का मंदिर है, जो बारह गांव की देवी है। हर वर्ष माता के दरबार मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जाती है। इस वर्ष घी के 110 एवं तेल के 183 कुल 293 ज्योत जल रहे है । माता के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रोज लग रही है और सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई है । माता के दरबार में 24 सितंबर से 29 अक्टूबर तक हर दिन जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने ने मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य लगे हुए है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत चिल्हाटी बूथ में चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के चिल्हाटी बूथ में दसहरा भाठा मैदान में भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ़ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश को स्वच्छ, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिकों से परिपूर्ण करने का एक राष्ट्रीय संकल्प है। हर साल 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाने वाला यह अभियान स्वच्छता ही सेवा के विचार को व्यवहार में बदलने का माध्यम है। सेवा पखवाड़ा एक पंद्रह दिनों का सामाजिक सेवा अभियान है, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा पहल का प्रमुख हिस्सा माना जाता है। इस दौरान सरकारी एजेंसियाँ, शैक्षिक संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर सफाई, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करते हैं।

सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल साफ-सफाई नहीं, बल्कि स्वच्छता को जीवन-शैली और सेवा भाव को संस्कृति बनाना है। कार्यक्रम में कुंवर सिंह नेताम, जय शिवना, नरेन्द्र शर्मा, शंकर यादव, चउथ राम उईके, रोहित साहू, ईश्वर यदु, कुलेश्वर नेताम, उमाशंकर टेमुन्ना, कमलेश भुआर्य, नंद कुमार पटेल, ध्रुव साहू, अग्रहित साहू, मोनू साहू, गणेश बढाई सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**शामपुर के आदिवासी किसान ने छत पर लगाया सोलर प्लांट, बिजली बिल हुआ शून्य**

# सपन मंडावी के घर रोशन हुआ 'पीएम सूर्यघर योजना' का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- सरकारी सब्सिडी से कम हुई लागत अतिरिक्त बिजली बेचकर बढ़ेगी आमदनी

कोण्डागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर निवासी सपन राम मंडावी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों में शामिल हुए हैं। इस योजना से अब ग्रामीण परिवार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

सपन मंडावी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। अब उनके घर की सभी बिजली आवश्यकताएँ पूरी हो रही हैं। इतना ही नहीं, अतिरिक्त बिजली का उत्पादन भी हो रहा है, जिसे सीधे विद्युत ग्रिड में भेजा जा रहा है।

पहले हर महीने 400 से 500 रुपये तक का बिजली बिल आता था, लेकिन सोलर सिस्टम लगने के बाद उनका बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। साथ ही अतिरिक्त बिजली बेचकर भविष्य में अतिरिक्त आय प्राप्त होने की संभावना है। इस योजना के अंतर्गत मंडावी को कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इसमें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सहायता शामिल है। इस मदद से संयंत्र लगाने की लागत में बड़ी राहत मिली। योजना के तहत 1 किलोवाट के संयंत्र पर 45 हजार रुपये, 2 किलोवाट के संयंत्र पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले संयंत्र पर कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। किसानों और ग्रामीणों के लिए ऋण सुविधा भी उपलब्ध है।

***ऑनलाइन पंजीयन से मिल रहा लाभ -*** *जिले में अब कई उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाने आगे आ रहे हैं। इच्छुक उपभोक्ता विद्युत विभाग की मदद से या वेब पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन कर आसानी से इसका लाभ ले सकते हैं।*

## पेज 11 के शेष

### पीएम मोदी के...

करने वाली है। आयोजित कार्यक्रम में जैसाकर्रा सरपंच रविलाल नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय मंडावी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम कुमार तिवारी, साहू समाज प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सियाराम साहू,प्रताप सलाम, दीपांकर सिन्हा, जी सहित बड़ी संख्या में माता बहने एवं किसान सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### नाबालिग की हत्या...

के तहत मामला दर्ज किया गया था और जाँच में दोनो आरोपियो के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दुर्गूकोंदल और थाने की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नक्सल पीड़ित पुनर्वास...

कार्यवाही की जाएगी। आत्म समर्पित नक्सलियों के प्रोत्साहन राशि अंतर्गत 03 आत्म समर्पित नक्सलियों को घोषित ईनाम की कुल राशि 11 लाख रूपए के लिए बजट आबंटन की मांग की गई तथा 13 आत्म समर्पित नक्सलियों को तत्काल 06 लाख 50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भुगतान किए जाने के कारण उक्त राशि के समायोजन के लिए पत्र प्रेषित किया गया। इसके अलावा 04 आत्म समर्पित नक्सलियों को घोषित ईनाम की राशि 08 लाख रूपए के लिए बजट की मांग हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नक्सली हत्या के लंबित 17 प्रकरणों में 08 नाबालिग मुख्य आश्रितों एवं विधिक वारिसों को छोड़कर शेष 09 प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

### चारामा कालेज में...

पेयजल की समस्या का समाधान करना, अंग्रेजी शिक्षक की नियुक्ति और वॉशरूम की साफ-सफाई तथा दरवाजे की मरम्मत शामिल है। एनएसयूआई ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पांच दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस दौरान समीर कुमार, सुधांशु पांडे, सुरेन्द्र साधवानी, लिकेश घृतलहरे, दुर्गेश देवांगन, राहुल, हर्ष, डिकेश सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा, चंद्रकांत, वेदव्यास, पीयूष सिन्हा, साहिल, जय, राहुल केमरो, रोहित कुंजाम प्रेमस आदि कार्यकर्ता और महाविद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

### बरहेली में तीसरे...

करेगी और समय पर कंपनी व प्रशासन को सूचित करेगी। इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना चक्काजाम समाप्त कर दिया। तीन दिनों से बरहेली में खड़ी लौह अयस्क से भरी ट्रकें अब अपनी मंजिल की ओर रवाना हो गईं। परिवहन कार्य शुरू होने से ट्रक मालिकों ने राहत की सांस ली। ट्रक परिवहन संघ दुर्गूकोंदल से जुड़े ट्रक मालिक हेमंत नाग, जिनकी ट्रक तीन दिन तक फंसी रही उन्होने कहा कि तहसीलदार के प्रयास से समस्या का समाधान हुआ और हमारी गाड़ियां अब चल सकेंगी।

# लोहण्डीगुड़ा में महतारी सदन का लोकार्पण, सीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



लोहण्डीगुड़ा ग्राम पंचायत ऊसरीबेड़ा में मंगलवार को एक ऐतिहासिक अवसर पर महतारी सदन का लोकार्पण संपन्न हुआ। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा धमतरी से टेलीविजन माध्यम के जरिए किया गया। इस लोकार्पण समारोह में चित्रकोट विधायक एवं मुख्य अतिथि विनायक गोयल ने उपस्थित सभी महतारी दीदियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

■ राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध : गोयल

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है और यह महतारी सदन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महतारी सदन का उद्देश्य ग्राम स्तर पर महिलाओं को एकजुट कर उन्हें जागरूकता, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, निर्देश दीवान तथा शकुन्तला कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप, अध्यक्ष नरसिंग ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, रैतुराम बघेल, लक्ष्मीनिवास पांडे, रंजीता जोशी, बुटकी कश्यप, विनय मौर्य, शिवनंदन पेगड़, धनीराम, चंद्रशेखर ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, भरत कश्यप, मधु बघेल, कलम सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन जिला पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत सीईओ सहित पंचायत व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ आपदा टीम का दौरा



**सुकमा।** जिले में हाल ही में आई बाढ़ आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति का जायजा लेने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त सचिव एस. राकेश कुमार गृह मंत्रालय नई दिल्ली अपनी टीम के साथ सोमवार को सुकमा पहुंचे। टीम ने कुन्ना-मिचवार और झापरा पुलिस कैम्प सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन, पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे त्वरित प्रबंधन और बेहतर इंतजामों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत सामग्री पहुंचे। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थायी आवास और खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया। टीम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं और प्रशासनिक स्तर पर उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने सौंपा ज्ञापन



**भोण्ड।** बस्तर विकासखंड के संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने विखं स्तरीय बैठक के पश्चात एक पांच बिंदुओं का मांग पत्र बीईओ एवं बीआरसी बस्तर को सौंपा। यह ज्ञापन शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के आलोक में तैयार किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सप्ताह के चार दिन समन्वयक मूल शालाओं में अध्यापन कार्य करें एवं दो दिन संकुल स्तरीय कार्य जैसे मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग, डाक एवं विभागीय सूचनाओं का क्रियान्वयन करें। समन्वयकों ने स्पष्ट किया कि अध्यापन दिवसों में कोई अतिरिक्त संकुल कार्य न सौंपा जाए, जिससे शैक्षिक गुणवत्ता में कोई बाधा न आए। उनकी प्रमुख मांगे सप्ताह में 4 दिन मूल शाला में अध्यापन कार्य, सप्ताह में 2 दिन संकुल स्तरीय कार्यों के लिए निर्धारित किया जाए। अध्यापन के दिनों में अन्य प्रशासनिक कार्यों से मुक्त रखा जाए।

# चिंगपाल के महतारी सदन का सीएम ने किया वर्जुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज : दरभा



बस्तर जिले में दरभा विकासखंड के चिंगपाल, जगदलपुर विकासखंड के परपा और लोहंडीगुड़ा विकासखंड के उसरी बेड़ा के महतारी सदन का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्जुअल लोकार्पण किया।

चिंगपाल कार्यक्रम में विधायक किरण सिंह देव ने भवन का फीता काटकर और शिलान्यास का अनावरण कर उद्घाटन किया। भवन का निर्माण 29 लाख की लागत से किया गया है। इस अवसर पर चिंगपाल की चंचला बघेल ने मुख्यमंत्री से संवाद कर भवन के लिए आभार व्यक्त की।

■ विधायक ने भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

इस अवसर पर विधायक ने हल्बी बोली में संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत के महिलाओं को बधाई दी और कहा कि देश की आधी आबादी को प्रतिनिधित्व करने वाली मातृ शक्ति के लिए सरकार ने महतारी सदन का निर्माण किया है। जिसमें महिलाएं अपने कार्यक्रम का आयोजन इस सदन में कर सकती हैं। इसके साथ ही सदन की साफ सफाई की व्यवस्था भी करनी होगी। सरकार 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा, कर्मयोगी अभियान, स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार, स्वच्छता पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम संचालित कर रही जिसमें सभी शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नारी शक्ति के लिए महतारी वंदन योजना का संचालित कर आर्थिक सहयोग भी दे रही है। जिले में विकास को गति देने के दूरस्थ क्षेत्रों में योजनाओं को पहुंचाई जा रही है।

नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, दरभा जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, सरपंच चिंगपाल जयराम बघेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत दरभा के सीईओ बीरेंद्र बहादुर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक सहायता

कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता के तहत चेक का वितरण किया गया। जिसमें खुशबू स्व सहायता समूह को 8 लाख का बैंक लोन, दो महिला स्व सहायता समूह को 60 एवं 15 हजार का अनुदान दिया गया। साथ ही एक महिला को एक लाख का ऋण सुविधा दी गई। इसके अलावा लखपति दीदी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

### दुर्गा प्रतिमा को मंडप तक ले जाने निकाली भव्य झांकी



भोपालपटनम। नवरात्रि पर्व के अवसर पर भोपालपटनम नगर में दुर्गा प्रतिमा को मंडप तक ले जाने हेतु भव्य झांकी निकाली गई। नगर सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालु अपनी-अपनी दुर्गा प्रतिमा को ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते हुए लेकर पहुंचे। तीमेड़ ग्राम पंचायत की दुर्गा समिति द्वारा निकाले गए ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। माता दुर्गा की जयकारों से गूंजता माहौल श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष निवास मुदलियार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, टी. गोवर्धन राव सहित सरपंच, ग्रामीणजन और दुर्गा समिति के सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता कर माता की आराधना में अपनी आस्था प्रकट की।

# मणिपुर हमले में शहीद बस्तर के सपूत को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

मणिपुर में उग्रवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में असम राइफल्स के वीर जवान एवं बस्तर की धरती के गौरव राइफलमैन रंजीत कश्यप मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। उनके गृहग्राम बालेंगा पहुंचकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

■ यह बलिदान केवल परिवार की ही नहीं, बस्तर और देश की अपूरणीय क्षति है

इस अवसर पर बस्तर विधायक बघेल ने कहा कि रंजीत भाई का यह सर्वोच्च बलिदान केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे बस्तर और देश की अपूरणीय क्षति है ऐसे वीर जवानों की शहादत हमें सदैव यह प्रेरणा देती है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

बघेल नें ईश्वर से प्रार्थना कर शहीद आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति दें। बस्तर की धरती अपने इस वीर सपूत को सदैव स्मरण रखेगी और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

# उप मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावितों को देंगे 5 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री अरुण साव कल नवरात्री के प्रथम दिन दंतेवाड़ा पहुंचे और माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया, उप मुख्यमंत्री के साथ प्रभारी मंत्री केदार कश्यप भी दंतेवाड़ा पहुंचे । उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बाढ़ से प्रभावित हुए दंतेवाड़ा पालिका परिसर के जीर्णोद्धार कार्य एवं विभिन्न वार्डो के सड़क,नाली,पूल तथा पेय जल फिल्टर प्लांट के मरम्मत कार्य हेतु 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव नगरपालिका क्षेत्र की जनता के ओर से आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष पायल एवं उपाध्यक्ष कैलाश ने नवरात्री के पावन पर्व की क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। अध्यक्ष पायल गुप्ता ने कहा की हाल ही में दंतेवाड़ा में हुई मूसलधार वर्षा के कारण नगर पालिका क्षेत्र को भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ा, जिससे व्यापक स्तर पर हानि और आधारभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंचा। इस कठिन समय में दंतेवाड़ा को पुनः विकास की दिशा में अग्रसर करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन और विकास विभाग मंत्री अरुण साव द्वारा दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र के पुनर्निर्माण एवं राहत कार्यों के लिए 5 करोड़ की राहत राशि की घोषणा की गई। यह सहायता राशि दंतेवाड़ा क्षेत्र के लिए बड़ी राहतकारी सिद्ध होगी। नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र ने कहा की इस महत्वपूर्ण घोषणा एवं दंतेवाड़ा के प्रति संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र की जनता के ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हु । दंतेवाड़ा नगर पालिका इस सहायता राशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर नगर के पुनर्वास, जल निकासी व्यवस्था, सड़क मरम्मत, एवं अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए करेगी।





### सेंटरिंग प्लेट के व्यवसाय से जुड़कर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

**बीजापुर।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत 4 ग्राम संगठनों के स्व-सहायता समूहों की 33 महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं। महिलाओं ने सेंटरिंग प्लेट तैयार कर उन्हें निर्माण कार्यों, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में किराए पर उपलब्ध कराया। इससे उन्हें नियमित आय का स्रोत मिला है और वे अब लखपति दीदी बनने की राह पर अग्रसर हैं। इस व्यवसाय से हीरापुर विकासखंड उसूर की रोशनी ग्राम संगठन की महिलाओं को 35,400 रुपये, बोरजे विकासखंड बीजापुर की सरोजनी ग्राम संगठन को 14,000 रुपये , चेरपल्ली विकासखंड भोपालपटनम की जय बुढ़ादेव ग्राम संगठन को 8,000 रुपये और ईतामपार विकासखंड भैरमगढ़ की माँ दन्तेश्वरी ग्राम संगठन को 36,000 रुपये की आय प्राप्त हुई है।

# विधायक ने किया ज्योति कलश भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



विधायक चैतराम अटामी ने तपेश्वरी माता मंदिर समलूर में नव निर्मित ज्योति कलश भवन का उद्घाटन किया।

यह भवन नवरात्रि के पावन पर्व पर बनकर तैयार हुआ है, जिसे विधायक चैतराम अटामी ने 10 जनवरी को क्षेत्र भ्रमण के दौरान समलूर पहुंचने पर घोषणा किया था। समलूर ग्राम देवी और आस्था से जुड़ा हुआ है और तपेश्वरी माता के प्रति आस्था और श्रद्धा रखने वाले लोगों के लिए यह ज्योति कलश भवन एक महत्वपूर्ण स्थल होगा।

विधायक ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के लोगों की आस्था और श्रद्धा को और मजबूत करेगा। विधायक ने अपनी घोषणा के अनुसार इस भवन का निर्माण करवाया, जो कि क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान अभिमन्यु सोनी, मण्डल महामंत्री लोकेन्द्र ठाकुर, सरपंच मोतीराम सोरी, मंदिर के प्रधान पुजारी परमानंद जिया, बलदेव कश्यप, लक्ष्मीनाथ पोडेयाम, रामराज ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्तगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे और क्षेत्र के लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा कार्यालय में नमो पदयात्री सुविधा केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर भाजपा कार्यालय चितालंका में नमो पदयात्री सेवा केंद्र का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने किया। नवरात्रि पर्व के पहले दिन नमो पदयात्री सेवा केंद्र का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया गया। विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता की पहल से इस बार भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता नवरात्री पर्व के नव दिन बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन करने आये पदयात्रियों की सुविधा एवं सहयोग हेतु नमो सुविधा केंद्र में उपस्थित होकर सेवा कार्य करेंगे।

■ पदयात्रियों को नि:शुल्क दवाईयां मिलेगी और होगा उपचार

इस केंद्र का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान पदयात्रियों को निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन और व्यावसायिक संगठन मिलकर पदयात्रियों के लिए सेवा केंद्र स्थापित करते हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा ने भाजपा कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में नवरात्री के प्रथम दिन सेवा केंद्र का शुभारंभ किया।

यहाँ पदयात्रियों को नवरात्री के पावन पर्व के पूरे नव दिन निःशुल्क भोजन,शुद्ध पेय जल, फल एवं विश्राम करने की सुविधा प्राप्त होगी। दंतेवाड़ा आ रहे पदयात्रियों की सुविधा हेतु शुद्ध पेय जल एवं फल वितरण करने हेतु वाहन को हरी झंडी दिखा कर उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने शुभारंभ किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ और बस्तर के निवासियों को नवरात्रि और बस्तर दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पदयात्री सेवा केंद्रों में सेवा कार्य करने वाले सभी संगठनों और लोगों की सराहना की और उन्हें साधुवाद दिया। इस अवसर पर समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# आयुर्वेद दिवस पर स्टार लगाकर किया मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



10 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर स्टाल लगाकर नये बस स्टेण्ड में मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सुबह से शाम तक बीपी, शुगर, बुखार, खांसी सर्दी, जोड़ों में दर्द सहित अन्य बीमारी से ग्रस्त तकरीबन सौ से अधिक मरीज का उपचार किया गया।

आयुर्वेद को आखिरी सहारा नहीं, बल्कि बीमारियों के इलाज का पहला विकल्प बनाना है। इस दिशा में केंद्र सरकार और आयुष मंत्रालय मिलकर काम कर रहें हैं। इसी सोच को दिखाने के लिए 23 सितंबर से शुरू होने वाला 10वां आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है इस साल की थीम आयुर्वेद फॉर पीपल, आयुर्वेद फॉर प्लानेट है।

आज इसी के तहत बीजापुर बस स्टेण्ड के सामने आयुर्वेद उपचार स्टाल लगाकर लोगों का उपचार किया। जहां बीपी, शुगर, बुखार, सर्दी जुकाम, जोड़ो में दर्द, मौसमी बीमारियो से ग्रस्त सौ से अधिक मरीजों का जांच कर उपचार किया गया गया। प्रभारी अधिकारी डॉ. शिव नारायण मिश्रा नें बताया की यह दिन सिर्फ आयुर्वेद के लिए नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन और सतत विकास की प्रतिबद्धता भी है। 10वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद को हर व्यक्ति तक पहुंचाने और वैश्विक स्वास्थ्य में उसकी अहम भूमिका को फिर से मजबूत करने का अवसर है। आयुर्वेद उपचार का प्रभाव अभी से नहीं बल्कि प्राचीन का से चला आ रहा हैं।

### लंबित मांगों को लेकर दिया धरना



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के आह्वान पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि आंदोलन का प्रथम चरण 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादन के रूप में किया गया था। इसके बाद द्वितीय चरण में 15 सितंबर को बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करते हुए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बावजूद अब तक मांगे पूरी नहीं हुई हैं। इसी कड़ी में आंदोलन के तृतीय चरण के तहत 23 सितंबर को अधिकारी एक दिवसीय अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारी संघ का कहना है कि यह आंदोलन कर्मचारी एवं किसानों दोनों के हित में है और शासन को अतिशीघ्र उनकी लंबित मांगों को पूरा करना चाहिए।

# मिस टीन इंडिया का शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

मिस इंडिया छग का ताज अपने सिर पर सजने के बाद नई दिल्ली से वापस लौटी 13 वर्षीय छात्रा पंक्ति बेदरकर का ग्राम करन्दोला भानपुरी में भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो की 17 सितंबर को देश की राजधानी में बस्तर की बेटी पंक्ति बेदरकर को मिस टीन इंडिया के ताज से नवाजा गया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को दिया। रात्रि 9 बजे भानपुरी पहुंचने पर बधाई देकर स्वागत करने वालों में पूर्व सरपंच त्रिलोक पार्क, संजय तिवारी, पप्पू खान, गजेन्द्र पानीग्राही, मुन्ना ठाकुर, हेमन्त चोपड़ा, रीतेश तिवारी, अरविंद सोलंकी, शंभू नाग, माया वेद, कमला नाग व रिंकी सोलंकी आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने मुख्यमंत्री का माना आभार

**जगदलपुर।** 10 नये विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम बनाये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नये विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के गठन से प्रदेश के जनता को समस्याओं के निराकरण में सुविधा होगी। इसका गठन करने का उद्देश्य उपभोक्ताओं की विधुत से संबंधित शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द हो। पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य में विधुत वितरण कंपनी के 3 विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायपुर,बिलासपुर एवं जगदलपुर एवं भिलाई इस्पात संयंत्र की टाउनशिप के लिए जिंदल स्टील लिमिटेड की टाउनशिप हेतु क्रमशः भिलाई एवं रायगढ़ ने विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम कार्यरत था।

## नगर व ग्राम निवेश विभाग के उप संचालक ने जताई आपत्ति

**जगदलपुर।** नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के उप संचालक ने रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट के भूमि की वैधता पर आपत्ति जताई है, लेकिन भूमि राजस्व विभाग, पटवारी अभिलेख, ग्राम पंचायत, तहसीलदार और एसडीएम जगदलपुर के अनुसार यह भूमि पूरी तरह कानूनी और आवासीय विकास के लिए मान्य है। उक्त बातें आईआरडीसी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बख्तियार खान इंफ्रा के संचालक बख्तियार खान ने पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में फर्म पहले ही पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, सीएसईबी तथा अन्य संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त कर चुकी है। ऑफ लाइन प्रक्रिया से ऑनलाइन प्रक्रिया की ओर बदलाव सीजी आवास के तहत फर्म ने ही शुरू किया था, जिसे एनआईसी और टीएनसीपी रायपुर ने तकनीकी सहयोग दिया। इसके बावजूद स्थानीय टीएनसीपी अधिकारी पुरानी ऑफ लाइन पद्धति पर जोर देकर स्वीकृति में देरी कर रहे हैं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दो लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 22 सितंबर को ऐसेबेड़ा निवासी सुनिता मरकाम के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमती 700 रूपएं को जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह 22 सितंबर को पीव्ही 33 उदय नगर निवासी विधान राय अवैध ढंग से पैसा कमाने के लिए आने जाने वाले लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मौके पर आरोपी के कब्जे से 300 एमएल महुआ शराब कीमती 60 रूपएं को जब्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 11 वीं में लैटरल एंट्री के माध्यम किया जाएगा से नामांकन 25 तक

**कांकेर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11 वीं गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य संकाय की 09 सीटें रिक्त हैं, जिन पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। यह प्रवेश लैटरल एंट्री के माध्यम से नामांकन का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्राचार्य के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेज जैसे कक्षा 10वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़ में 25 सितम्बर तक उपस्थित होकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं।

### दो पीड़ित परिवारों के लिए आठ लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए के मान से 08 लाख रूपए की राशि स्वीकृत किए हैं। आमाबेड़ा तहसील के ग्राम केसूरबेड़ा निवासी 08 वर्षीय सुमन दुग्गा की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित प्रमिला दुग्गा के लिए 04 लाख और अंतागढ़ तहसील के ग्राम कलेपरस निवासी 50 वर्षीय दशोबाई ध्रुव की कुआं में गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित अंकालू राम के लिए चार लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### कोड़ेकुर्से में कल होगी डीजे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता

**दुर्गुकोंदल।** मां दुर्गा की आराधना और नवरात्रि उत्सव के पावन अवसर पर ग्राम कोड़ेकुर्से में 25 सितंबर गुरुवार की संध्या 7 बजे से भव्य डीजे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक आयोजन में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य प्रतियोगिताएं रखी गई हैं।

# अनुरोध कार्यक्रम से मिली सफलता, एक माह से अनुपस्थित छात्रा लौटी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

शिक्षा को हर बच्चे तक पहुँचाने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा संचालित अनुरोध कार्यक्रम उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहा है। इसी पहल का परिणाम है कि कन्या हाईस्कूल दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम दिया गांव की कक्षा दसवीं की छात्रा नेहा कोरेटी जो पिछले एक माह से विद्यालय से अनुपस्थित थी। अब नियमित रूप से स्कूल आ रही है और अपनी पढ़ाई में जुट गई है।

प्राचार्य मनीषा सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अनुरोध कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर अनुपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की जाती है। इस प्रक्रिया से बच्चों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। नेहा की विद्यालय वापसी ने न केवल उसकी पढ़ाई का क्रम पुनः शुरू किया है, बल्कि यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है। इससे अन्य पालकों और विद्यार्थियों को भी शिक्षा का महत्व समझने का अवसर मिल रहा है। अनुरोध कार्यक्रम से क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हो रहा है और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय से जोड़ने का अभियान और भी मजबूत होता जा रहा है। इस सफलता का श्रेय खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे के मार्गदर्शन और विद्यालय की प्राचार्य की सक्रिय पहल को जाता है।

## शिक्षा को हर बच्चे तक पहुँचाने, विद्यालय आने कर रहे प्रेरित

**घर-घर जाकर अनुपस्थित विद्यार्थियों और अभिभावकों से मिल रहे**



**बच्चों पर पड़ने वाले प्रभावों को बता रहे**

प्राचार्य ने व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाते हुए छात्रा के घर पहुंचकर उसके पालकों से संवाद किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व, नियमित उपस्थिति की आवश्यकता और इसके बच्चों के भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया। लगातार समझाइश और प्रयासों के बाद अंततः पालक सहमत हुए और छात्रा ने पुनः विद्यालय जाना शुरू कर दिया।

## आयोजन : समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# युक्तियुक्तकरण के पश्चात कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों की होगी विभागीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

युक्तियुक्तकरण के तहत अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों के विरूद्ध विभागीय जांच की कार्रवाई शुरू करने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए उक्त आशय के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा ऐसे सभी शिक्षकों से जिन्होंने युक्तियुक्तकरण के पश्चात अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उनसे तत्काल कार्यभार ग्रहण करने की अपील भी की गई है। बताया गया कि युक्तियुक्तकरण के तहत जिले में अब तक 148 शिक्षको ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत सहायक शिक्षक 16, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला 05, शिक्षक 05 और 03 व्याख्याता ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इसी प्रकार चारामा विकासखण्ड में सहायक शिक्षक 33, शिक्षक 07, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला 01 और 13 व्याख्याता, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में सहायक शिक्षक 15, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला 02, शिक्षक 05 एवं व्याख्याता 02, नरहरपुर विकासखण्ड में सहायक शिक्षक 12, शिक्षक 01, व्याख्याता 05, दुर्गूकांदल विकासखण्ड में सहायक शिक्षक 04, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला 01, शिक्षक 01, अंतागढ़ विकासखण्ड में सहायक शिक्षक 02 तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में सहायक शिक्षक 01, शिक्षक 13 और 01 व्याख्याता ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, जिनके विरूद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही शुरू करने के लिए कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।



**कार्यालयों में एक ही बैंक खाता करें संचालित**

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यालयों में एक ही बैंक खाता संचालित करने के लिए कहा गया, यदि एक से अधिक बैंक खाता हो तो उन्हें एक खाता में मर्ज करने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय जितेन्द्र कुमार कुर्रे एवं एएस पैकरा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

कलेक्टर क्षीरसागर ने सभी जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जनपद के अधिकारियों को भी ई-ऑफिस का उपयोग करने के लिए कहा गया है। समय-सीमा की बैठक में उनके द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन, पोर्टल में प्राप्त आवेदन, कलेक्टर जनदर्शन और जनशिकायत में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए कहा गया।

उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पीएम जनमन योजना, किसान सम्मान निधि, प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट, धरती आबा कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण, पीडीएस भवन निर्माण, नियद नेल्लानार योजना, पोषण पुनर्वास सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की भी उन्होंने गहन समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूलों में विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने में तेजी लाने के निर्देश डीईओ एवं सभी एसडीएम को दिए गए।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान में किया महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओ को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहें स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू किया गया है। अभियान का समापन गांधी जयंती पर होगा।

बीएमओ मनोज किशोरे ने कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया फिर सभी अतिथियों ने बारी बारी से अपना विचार रखा। जनपद सदस्य विकास राजु नायक ने कहा कि यह देशव्यापी पहल महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। इसे अब तक का सबसे बड़ा महिला और बाल स्वास्थ्य जन-आंदोलन माना जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय मिलकर कर रहें है। इसमें पूरे देश में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे है। इस अभियान में गैर-संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल रोग और मातृ स्वास्थ्य पर दिया जाएगा। इसके साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और परामर्श भी मिलेगा ताकि बीमारियों की समय पर पहचान और रोकथाम हो सके और महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर बने।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, सभापति सविता उइके, अमृत कोटिंगला, जनपद सदस्य हेमलता उइके, सभापति सुशीला गावड़े, सभापति निर्मला कोवाची, रघुनाथ मंडावी, राहुल जाम्बूरकार, सुदेश तोप्पा, दीपक पुड़ो, बीरेंद्र जैन, अमित केमरो लुकेश भुआर्या, विजय कल्लो, सोमदेव कोरेटी, रजमन कोवाची व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कृषि अधिकारियों का रैली निकाल धरना-प्रदर्शन के साथ हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनेलीकन्हार

- 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा के आव्हान पर जिला अध्यक्ष गुमेश नाग के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कृषि अधिकारियों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया गया। नया बस स्टैंड कांकेर के डोम में अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी कर रैली निकाली गई । जिला पंचायत कार्यालय के सामने 9 सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में जिलेभर से आए कृषि अधिकारी संगठन के जिला अध्यक्षों ने छत्तीसगढ़ शासन पर मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष रथीन्द्र नाथ बनैर्जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के 2 वर्ष बीतने जा रहे हैं परंतु हमारी जायज मांगों को अब तक सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया है, यह बहुत ही दुर्भाग्यनक है। हमें विष्णुदेव साय सरकार से बहुत उम्मीदें हैं परंतु अब तक सरकार का जो रवैया हमारी मांगों के प्रति है, वह निराशाजनक है। अगर सरकार हमारी जायज मांगो को नजर अंदाज करेगी तो आगामी आने वाले समय मे अनिश्चित कालीन हड़ताल करने मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी सम्पूर्ण ज़मिदारी शासन प्रशासन की रहेगी। सरकार हमारी सभी 9 सूत्रीय मांगों को गंभीरता से लेते हुए सभी जायज मांगों को पूरा करेने की मांग की । इस धरना प्रदर्शन को प्रांतीय महामंत्री रविशंकर नेताम, संरक्षक मन्नू राम नेताम, प्रांतीय सचिव तामेश साहू, केंद्रीय प्रबंधक संजीव कावड़े, प्रवीण कवाची, दुर्गेश सलाम, समीक्षा सिंह, पदमनी नेताम, कवल कश्यप, रूपेश नेताम, माधव पाल, पुष्पराज सेठिया, नारायण हालदार, एडीओ निरंजन नरेटी, संदीप जैन, अमिनेश गावड़े, मनोहर चंद्रवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कृषि अधिकारियों के धरना प्रदर्शन को ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारियों के संगठन ने भी समर्थन दिया। मनोहर चंद्रवंशी एवं जिले के विकासखंड से आए कृषि अधिकारियों की उपस्थित रहे।

# नवागांव में नया धान उपार्जन केंद्र खुलेगा, 10 गांव को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम नवागांव में इस वर्ष नया धान उपार्जन केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए कांकेर से सहकारिता विस्तार अधिकारी रामेश्वर मरकाम एवं अन्य अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र स्थल को उपयुक्त पाया गया, जिससे संभावना है कि आगामी सीजन में यहां धान खरीदी प्रारंभ हो जाएगी।

इस नवीन धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत कुल 10 ग्राम शामिल किए गए हैं। इनमें हानपतरी, आमागढ़, बुदेली, पड़गाल, हिगनपुरी, नवागांव, चेमल, गुलाल, बोडी और पन्नहकनहार ग्राम शामिल हैं। नया केंद्र खुलने से इन गांवों के किसानों को धान बेचने में सुविधा मिलेगी और उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि किसानों के हित में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी। नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्थापना से किसानों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में कृषि गतिविधियों को नई गति मिलेगी। स्थल निरीक्षण के दौरान आदिम जाति सहकारी समिति लेंपस के अध्यक्ष जोहन गवाड़े, शाखा प्रबंधक जितेंद्र साहू, हानपतरी के पूर्व सरपंच एवं भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के महामंत्री रामचंद्र कल्लो सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

**मनोकामना पदयात्रा दल दंतेवाड़ा रवाना : जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए एक अनोखी पहल की है। 33 दिनों तक चली प्रदेशव्यापी हड़ताल के समापन के बाद, तीन जांबाज कर्मचारी तुमेश्वर गजभिए (पिंटू), वाल्मीकि मिश्रा और संदीप ने अपनी मांगों की पूर्ति और मनोकामनाओं के लिए पदयात्रा शुरू की है। सोमवार की शाम 8 बजे तीनों कर्मचारी दंतेश्वरी मंदिर से दंतेवाड़ा के शक्तिपीठ के लिए रवाना हुए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 25 को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

- रजत महोत्सव के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित



रजत महोत्सव के अवसर पर शासन के आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग चारामा के द्वारा 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 25 सितम्बर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिला ब्लड डोनेशन की टीम की उपस्थिति में सुबह 9 बजे से किया जाएगा।

आयोजन को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के द्वारा सामुदायिक केन्द्र सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएमओ डॉ ओपी शंखवार ने रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और यह बनाया नहीं जा सकता। रक्त को लम्बे समय तक रखा नहीं जा सकता। आप के द्वारा दिया गया रक्त किसी व्यक्ति की शल्यचिकित्सा के समय प्रसव या चोट के कारण अधिक रक्तस्व से हुई खून की कमी की पूर्ति कर उसके जीवन को बचा सकता है। रक्त की आवश्यकता कैंसर के मरीज तथा हीमोफिलिया, पैलेसीमिया, अनीमिया के मरीजों को होती है। कोई नहीं जानता कब, किसे और कहा रक्त की जरूरत पढ़ जाए। अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान ही समाज की सुरक्षा है। रक्तदान करने से आप अपने रक्तग्रुप से परीचित हो जाते है। इसके अतिरिक्त आप का स्वास्थ्य परीक्षण भी मुफ्त हो जाता है। स्वैच्छिक बिना आर्थिक लाभ लिए रक्तदान ही स्वस्थ रक्त का स्रोत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिसमें 22 सितम्बर को गैर संचारी रोग की जानकारी दी गई। 23 को सिकलिन जाँच एंव महिलाओं का स्वास्थ्य परिक्षण, एचआईवी, बीडीआर एल की जॉच, 24 को पीएमएसएमए कार्यक्रम का आयोजन, 25 को रखतदान, 26 को गर्भवती माताओ एंव बच्चो का टिकाकरण एंव कुपोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। 27 को गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं में रखत की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में चर्चा, 28 को समस्त महिलाओ एंव बुजुर्ग महिला एंव पुरुषो का स्वास्थ्य जाँच एंव जागरूकता शिविर, 29 को स्वस्थ माह दिवस, स्वस्थ माँ की जाँच मेगा हेल्थ शिविर, 30 को समस्त कामकाजी मजदुर, सफाई कर्मचारी वाहन चालक के स्वास्थ्य परिक्षण एवं जागरूकता शिविर, 01 अवटुबर को योगा उत्सव एंव 02 को समस्त लेप्रोसी टीबी एंव गैर संचारी रोगों के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जानकारी सभी तक पहुँचाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग प्रदान कर सभी आयोजनों को सफल बनाए। बैठक में तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ल, थाना प्रभारी तेज वर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य केके मरकाम, चेम्बर ऑफ कामर्स के महेश भोजवानी, व्यापारी संघ से नारायण दास पंजवानी, नगर के व्यापारी, पत्रकार रेड कॉस सोसायटी के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

